रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री(श्री के०सी०लेंका)

(क) ललितपुर-खजुराहो-सतना, खजुराहोमहोबा और रीवा-सिंगरौली (492 कि०मी०) के लिए सर्वेक्षण शुरू किया गया है,

(ख) जी हाँ,

(ग) सर्वेक्षण के परिणामों और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी ।

उत्तर रेलवे को उपलब्ध कराये गये माल डिब्बे

1241. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के लक्ष्यों की तुलना में उत्तर रेलवे को कितने माल डिब्बे उपलब्ध कराये गये तथा 1991 के अन्त तक इसके पास कितने माल डिब्बे उपलब्ध थे;

(ख) क्या उत्तर रेलवे में माल डिब्बों की संख्या में कमी आई है, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर रेलवे द्वारा मरम्मत के लिए कुल कितने माल डिब्बे भेजे गये, कुल कितने माल डिब्बों की मरम्मत की गई और जून, 1992 तक की स्थिति के अनुसार कितने माल डिब्बे उपयोग के अनुपयुक्त घोषित किए गये; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर रेलवे में माल डिब्बों और माल के यातायात के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) उत्तर रेलवे पर सातवीं पंचवर्षीय योजना तथा 1991 के अन्त में माल डिब्बों (चौपहिया यूनिटों के हिसाब से) की धारिता का दैनिक औसत लक्ष्य और वास्तविक धारिता नीचे दी गई है: —

सातवीं पंचवर्षीय योजना

आमान	लक्ष्य	धारिता
बड़ी लाइन	55640	55931
मीटर लाइन	8600	8986

1991 के अंत में (दिसम्बर, 1991)

बड़ी लाइन	58000	59398
मीटर लाइन	7500	8751

(ख) मांग संतोषजनक ढंग से पूरी की जा रही हैं परन्तु कभी-कभी फुटकर मांग के लिये मालडिब्बों की मांग और सप्लाई के बीच अन्तराल आ जाता है,

(ग) जून, 1992 के दौरान की स्थिति इस प्रकार है: —

चौपहिया यूनिटों के हिसाब से	
भेजे गये माल डिब्बों की संख्या	2067
मरम्मत किये गए माल डिब्बों की संख्या	1804
नाकारा किए गए माल डिब्बों की संख्या	248

(घ) माल डिब्बों की खरीद की योजना समूची भारतीय रेलों के लिये बनाई जाती है, प्रत्येक रेलवे की जरूरतें इस सामान्य पूल से पूरी की जाती हैं । आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान बड़ी लाइन के 1,20,000 माल डिब्बों की खरीद करने की योजना है, बशर्ते कि धन उपलब्ध हो, मीटर लाइन के और माल डिब्बों की खरीद नहीं की जाएगी । उत्तर रेलवे तथा अन्य रेलों, जहां आमान परिवर्तन की योजना बनाई गई है, के मीटर लाइन के फालतू माल डिब्बे अतिरिक्त आवश्यकता पूरी करने के लिए उपलब्ध होंगे ।

Electrification of the Coastline Railway between Kharagpor and Vizag

1242. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration for electrification of the Coastline Railway between Kharagpur and Vizag; and

(b) if so, what are the details thereof ?